# महल राजा राम का | By Aditya Goyal Adi

आये हैं आये हैं प्रभु राम जी
आये हैं आये हैं मेरे राम जी

अयोध्या विराजे मेरे राम जी
अयोध्या विराजे मेरे राम जी
संग में हैं लक्ष्मण और माँ जानकी
अयोध्या विराजे मेरे राम जी

कलयुग में राम का अनोखा वनवास था
झोपडी में रहे जब महल उनके पास था
महल उनके पास था.....
घड़ियाँ ख़तम हुई अब इम्तेहान की
अयोध्या विराजे मेरे राम जी

महल राजा राम का बनकर तैयार है
दर्शन को उनके सबका दिल बेक़रार है
दिल बेक़रार है .....
बात है सनातन धरम की शान की
अयोध्या विराजे मेरे राम जी

कई कार सेवको ने जान को गवाया
तब जाके राम जी का मंदिर बन पाया
मंदिर बन पाया .....
है उनकी क़ुर्बानी का परिणाम ही
अयोध्या विराजे मेरे राम जी

राम की है धरती यहाँ राम ही रहेंगे
चारों और भगवा ही ध्वजा लेहरेंगे
ध्वज लेहरेंगे .....
गाये आदि महिमा बस राम नाम की
अयोध्या विराजे श्री राम जी
अयोध्या विराजे प्रभु राम जी

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a4%b9%e0%a4%b2-%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%9c%e0%a4%be-%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%95%e0%a4%be-by-aditya-goyal-adi/